एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दिशा पटानी ने फिल्में चुनने को लेकर बताये राज

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी ने फिल्मों के चयन किये जाने के राज बताये हैं। दिशा इन दिनों न सिर्फ बॉलीवुड फिल्मों और सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, बल्कि उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल भी शुरू किया है। यूट्यूब पर उनके वीडियो जमकर हिट हो रहे हैं, और फैन्स को पसंद आ रहे हैं। दिशा ने बताया है कि वह किस तरह अपनी फिल्में और कैरेक्टर चुनती हैं। दिशा ने अपनी पहली फिल्म 'एमएस धोनी' से लेकर आखिरी फिल्म 'भारत' तक दर्शकों का दिल जीता है। दिशा ने बताया है कि वे अपने रोल किस तरह चुनती हैं। दिशा ने कहा,जब भी कोई प्रोजेक्ट आता है तो यदि मुझे यह एहसास होता है कि यदि अपनी जिंदगी के किसी मोड़ पर मैं यह बनना चाहती हूं, तभी फिल्म करूंगी। हर फिल्म और रोल अपनी तरह के प्रेशर के साथ आते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती कि आपकी पिछली फिल्म ने कैसा किया। आप नहीं जानते कि लोग कहानी को लेकर कैसे रिएक्ट करेंगे।

कसौटी.. में अपने सफर से खुश हैं शुभावी चौकसी

कसौटी जिंदगी के ने अपना एक साल पूरा कर लिया है और शो की अभिनेत्री शुभावी चौकसी का कहना है कि मां बनने के बाद काम पर वापस लौटने के लिए इस शो ने उन्हें एक परफेक्ट प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है। एक साल पहले जब उन्हें यह शो ऑफर किया गया था, तब वह एक मां के रूप में अपने बच्चे का देखभाल कर रही थीं और अपने बच्चे के लिए एक फुल-टाइम स्कूल का सोच रही थीं ताकि वह एक्टिंग की शुरुआत फिर से कर सकें जो उनका जुनून रहा है। शुभावी ने याद किया, तभी मेरे पास कसौटी.. का ऑफर आया। मैं इसका इंतजार शिद्दत से कर रही थी। उन्होंने आगे कहा, शो के बारे में सबकुछ सही था, यह वही प्रोडक्शन हाउस था जहां से मैंने अपने टेलीविजन करियर की शुरुआत की थी..मेरी लकी मैस्कॉट (निर्माता) एकता कपूर और बालाजी के लिए मेरे दिल में एक खास जगह है, जितना मैं जानती थी वह ये था कि मैं जिस टीम के साथ काम करने जा रही हूं वह बेहद अच्छा होगा। हम कुछ मस्ती भरे लोग हैं और इसके लिए मैं ईश्वर का शुक्रिया अदा करती हूं। शुभावी इसके लिए बेहद आभारी हैं और वह कहती हैं, मैं अपने इस सफर से बहुत खुश हूं और खुद को धन्य मानती हूं।

पिंक साड़ी में लक्ष्मी के किरदार में दिखे अक्षय कुमार

इन दिनों देश भर के लोग नवरात्र के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने इस खास मौके पर अपनी अगली फिल्म लक्ष्मी बम का फर्स्ट लुक शेयर किया है और दिखाया है कि इस फिल्म में वह कैसे दिखने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर कुछ मिनट पहले ही अक्षय कुमार ने अपनी इस फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया है, जिसमें वह पिंक कलर की साड़ी, गले में ताबीज और सिर पर बड़ी सी सिन्दूर की बिन्दी लगाए नजर आ रहे हैं। अक्षय के बाल पीछे बंधे हैं और हाथों में नजर आ रही हैं पिंक चूड़ियां। इस तस्वीर में उनके चेहरे का हावभाव किसी नाराजगी की कहानी साफ कह रहा है। अक्षय ने कहा है कि वह ऐसे कैरेक्टर को निभाने जा रहे हैं, जिसे लेकर वह एक्साइटेड भी हैं और नर्वस भी। यूज़र्स को उनका यह लुक काफी पसंद आ रहा है और सबने उनकी तारीफ की है।

आपको यहां बता दें कि यह फिल्म साउथ की सुपरहिट हॉरर मूवी कंचना के हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय एक किन्नर भूत का रोल प्ले करेंगे। इससे पहले जारी किए गए पोस्टर में अक्षय अपनी आंखों में काजल लगाते नजर आए थे। इस पोस्टर में केवल उनका चेहरा नजर आ रहा था।

लक्ष्मी बम को राघव लॉरेंस डायरेक्ट कर रहे हैं। राघव ने ही कंचना में अहम रोल प्ले किया था और कंचना के सीक्वल को भी वही डायरेक्ट किया। लक्ष्मी बम अगल साल 5 जून को रिलीज होगी। फिलहाल अक्षय रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी की शूटिंग और हाउसफुल 4 के प्रमोशन में भी बिजी हैं। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और तुषार कपूर भी हैं।

रोमांटिक में केतिका शर्मा के टॉपलेस अवतार ने ढाया कहर

तेलुगू फिल्म रोमांटिक का फर्स्ट लुक जारी हो गया है. इसमें एक्ट्रेस केतिका शर्मा ने टॉपलेस अवतार में सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है. ऐसे में लोगों को अंदाजा है कि फिल्म में बोल्ड सीन देखने को मिल सकते हैं. फिल्म में मुख्य भूमिका में फिल्म मेकर जगन्नाथ पुरी के बेटे आकाश पुरी हैं. फिल्म का डायरेक्शन अनिल पादुरी कर रहे हैं और यह उनकी डायरेक्शन में बनने वाली पहली फिल्म होगी.

फिल्म के मुख्य किरदार आकाश पुरी इसमें एक झुग्गी वाले लड़के के किरदार में हैं. फिल्म को आकाश के पिता जगन्नाथ पुरी ही प्रोड्यूस कर रहे हैं.

बता दें कि आकाश पुरी ने अपने अभिनय की शुरुआत चाइल्ड एक्टर के तौर पर की थी. केतिका शर्मा की बात करें तो वह इस मूवी से टॉलीवुड में एंट्री कर रही हैं. इससे पहले केतिका शर्मा अपने कुछ वीडियो से इंटरनेट पर सनसनी फैला चुकी हैं.